# बिहार में निवेश के लिए बेहतर माहौल

- एंटरप्रेन्योर्स के पटना अध्याय का मंत्री नीतीश मिश्रा ने किया शुभारंभ
- अनुमंडलों में बनाए जा रहे उद्यमिता केंद्र, ग्रामीणों को भी मिलेगा प्रशिक्षण

पटना, मुख्य संवाददाता। उद्योग और पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को कहा कि बिहार में निवेश के लिए देशभर से बेहतर माहौल है। अपार संभावनाओं के बीच अनुकूल परिस्थितियां हैं। लोग पूछते हैं कि बिहार में निवेश क्यों करें, तो मैं उनसे ही पूछता हूं कि आखिर बिहार में निवेश क्यों न करें। श्री मिश्रा चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना में आयोजित इंडस एंटरप्रेन्योर्स के पटना अध्याय के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि यहां उद्योग, नवाचार और उद्यमिता के लिए अपार संभावनाएं हैं। अगर राजनेता नहीं होते तो सामाजिक उद्यमी होते। मौके पर देश-विदेश से आए उद्यमिता के विशेषज्ञों व बिहार के युवा उद्यमियों की उपस्थिति रही। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य के सभी अनुमंडलों में उद्यमिता केंद्र बनाए जा रहे हैं। इससे गांव गांव तक स्टार्टअप कल्चर पहुंचेगा। जिस जिस अनुमंडल में तकनीकी संस्थान हैं, वहां यह उद्यमिता केंद्र होगा। जहां तकनीकी संस्थान नहीं होंगे वहां किसी भी अच्छे कॉलेज में इस केंद्र को बनाया जाएगा। हर अनुमंडल से बेहतर आइडिया आए तो सोचिए बिहार की तरक्की का राह कहां होंगी। पांच हजार बेहतर स्टार्टअप सूबे में उद्यमिता की तस्वीर बदल सकता है। उन्होंने कहा कि अब सूबे में परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं। सबकुछ बेहतरी की ओर है। इससे पहले उद्योग मंत्री का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने किया। उन्होंने उद्यमिता के क्षेत्र में सीआईएमपी के बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन की भूमिका के बारे में युवा उद्यमियों को जानकारी दी। इस मौके पर इंडस एंटरप्रेन्योर्स ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक विजय मेनन, ग्लोबल के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के सदस्य किरण देशपांडे, एंजेल्स फंड बोर्ड के सदस्य अंशुमान सिन्हा आदि मौजूद रहे।




सीआईएमपी में सोमवार को इंडस एंटरप्रेन्योर्स के पटना चैप्टर का उद्घाटन करते उद्योग सह पर्यटन मंत्री नीतीश मिश्रा। साथ में सीआईएमपी के निदेशक डॉ. राणा सिंह, मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी कुमोद कुमार सिंह, महावीर प्रताप शर्मा, किरण देश पांडेय व अन्य।

Hindustan ! Page.No-02 ! Dated:06-08-2024

# बिहार में नवाचार और उद्यमिता के लिए अपार संभावनाएं हैं : नीतीश

**( आज समाचार सेवा )**

**पटना ।** चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में सोमवार को द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआइइ) पटना चैप्टर का औपचारिक उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में निवेश करने के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं। यहां की परिस्थितियां भी अनुकूल है। लोग पूछते हैं कि बिहार में निवेश क्यों करें ? तो मैं उनसे ही पूछता हूं कि आखिर बिहार में निवेश क्यों न करें। यहां उद्योग, नवाचार और उद्यमिता के लिए अपार संभावनाएं हैं। बिहार में निवेश के लिए देश भर से बेहतर माहौल है। सभी राज्यों में निवेश का स्तर सेचुरेशन पर पहुंच गया है। बिहार के सभी अनुमंडलों में उद्यमिता केंद्र बनाये जा रहे हैं। ग्रामीणों को भी प्रशिक्षण मिलेगा। इससे गांव गांव तक स्टार्ट अप कल्चर पहुंचेगा। अनुमंडल में मौजूद तकनीकी संस्थानों में उद्यमिता केंद्र होगा। जहां तकनीकी संस्थान नहीं होंगे वहां किसी भी अच्छे कॉलेज में इस केंद्र को बनाया जायेगा। हर अनुमंडल से बेहतर आइडिया आये तो सोचिए बिहार की तरक्की का राह कहां होंगी। पांच हजार बेहतर स्टार्ट अप सूबे में उद्यमिता की तस्वीर बदल सकता है। उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप के विकास के लिए सूबे में इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मैं एक राजनेता नहीं होता, तो मैं एक सामाजिक उद्यमी होता। मिश्रा ने 1995 के अपने प्रोफेसर के सलाह को याद करते हुए कहा कि नौकरी देने वाला बनो, नौकरी खोजने वाला नहीं। इस मौके पर देश विदेश से आए उद्यमिता के विशेषज्ञों व बिहार के युवा उद्यमियों की उपस्थिति रही।



AAJ ! Page.No-11 ! Dated:06-08-2024

# हमारा लक्ष्य बिहार के उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है

## सीआईएमपी में बोले मंत्री नीतीश मिश्रा- अगर मैं राजनेता नहीं होता तो मैं सामाजिक उद्यमी होता





**पटना** | अगर मैं एक राजनेता नहीं होता, तो मैं एक सामाजिक उद्यमी होता। बिहार सरकार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने 1995 के अपने प्रोफेसर के सलाह को याद करते हुए कहा कि नौकरी निर्माता बनो, नौकरी खोजक नहीं। यह बातें सोमवार को उन्होंने चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना में उद्यमिता के उत्साह का केंद्र द इंडस एंटरप्रेन्योर्स पटना चैप्टर का औपचारिक उद्घाटन के दौरान कहीं। उन्होंने बिहार में एक सहायक स्टार्टअप इकोसिस्टम की आवश्यकता पर जोर दिया। उद्यमी हमारी आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं, और सरकार को आवश्यक समर्थन प्रदान करना चाहिए। टाई पटना के फाउंडर प्रेसिडेंट कुमोद कुमार ने चैप्टर के लक्ष्यों पर विस्तार से बताया। आज जब हम टाई पटना का 62वां चैप्टर लॉन्च कर रहे हैं, हम बिहार की उद्यमिता यात्रा में एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं। टाई पटना नवाचार को बढ़ावा देने, सहयोग को प्रोत्साहित करने, और हमारे स्टार्टअप समुदाय को आवश्यक समर्थन प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण आधारशिला होगा। हमारा लक्ष्य बिहार के उद्यमियों को वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर देना है। टाई पटना और नौ प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ, जिनमें सीआईएमपी, आईआईटी पटना, दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज शिवहर, आर्यभट्ट नॉलेज यूनिवर्सिटी और बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन शामिल हैं।

Dainik Bhaskar ! Page.No-07 1 Dated:06-08-2024

# बिहार में उद्योग, नवाचार और उद्यमिता के लिए अपार संभावनाएं : नितीश मिश्रा

## द इंडस एंटरप्रेन्योर्स पटना चैप्टर का हुआ उद्घाटन

संवाददाता, पटना

चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआइएमपी) में सोमवार को द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआइइ) पटना चैप्टर का औपचारिक उद्घाटन किया गया. उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री नितीश मिश्रा ने कहा कि बिहार में निवेश करने के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं. यहां उद्योग, नवाचार और उद्यमिता के लिए अपार संभावनाएं हैं. बिहार के सभी अनुमंडलों में उद्यमिता केंद्र बनाये जा रहे हैं. ग्रामीणों को भी प्रशिक्षण मिलेगा. इससे गांव गांव तक स्टार्ट अप कल्चर पहुंचेगा. अनुमंडल में मौजूद तकनीकी संस्थानों में उद्यमिता केंद्र होगा. जहां तकनीकी संस्थान नहीं होंगे वहां किसी भी अच्छे कॉलेज में इस केंद्र को बनाया जायेगा. हर अनुमंडल से बेहतर आइडिया आये तो सोचिए बिहार की तरक्की का राह कहां होंगी. पांच हजार बेहतर स्टार्ट अप सूबे में उद्यमिता की तस्वीर बदल सकता है. उद्यमिता, नवाचार और स्टार्टअप के विकास के लिए सूबे में इकोसिस्टम विकसित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि अगर मैं एक राजनेता नहीं होता, तो मैं एक सामाजिक उद्यमी होता. मिश्रा ने 1995 के अपने प्रोफेसर के सलाह को याद करते हुए कहा कि नौकरी देने वाला बनो, नौकरी खोजने वाला नहीं. इस मौके पर देश विदेश से आए उद्यमिता के विशेषज्ञों व बिहार के युवा उद्यमियों की उपस्थिति रही.



## उद्यमी योजना के लाभार्थी समय से लौटाएं राशि

उद्योग मंत्री ने कहा कि अब सूबे में परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं. सबकुछ बेहतरी की ओर है. युवा, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का लाभ लोग उठा रहे हैं. लेकिन उद्यमी योजना के लाभार्थियों को चाहिए कि वे समय से राशि लौटाएं. उद्यमिता की नीतियों के कार्यान्वयन की दिशा में अब और बेहतर काम किया जायेगा. इससे पहले उद्योग मंत्री का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ राणा सिंह ने किया. उन्होंने उद्यमिता के क्षेत्र में सीआइएमपी के बिजनेस इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन की भूमिका के बारे में युवा उद्यमियों को जानकारी दी. इस मौके पर इंडस एंटरप्रेन्योर्स ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक विजय मेनन ने बिहार चैप्टर की स्थापना के उद्देश्यों के बारे में बताया.

Prabhat Khabar ! Page.No-07 ! Dated:06-08-2024

# TiE Patna Chapter Inaugurated, Ushering in a New Era for Bihar's Startup Ecosystem

**OUR CORRESPONDENT**



PATNA: Chandragupt Institute of Management Patna (CIMP) was a center of entrepreneurial excitement today as The Indus Entrepreneurs (TiE) Patna Chapter was officially inaugurated. The event attracted a notable audience, including TiE global leaders, government officials, and entrepreneurs from Bihar and beyond.

Industries Minister Nitish Mishra, chief guest, delivered a powerful address on the significance of entrepreneurship. "If I were not a politician, I would be a social entrepreneur," Mishra stated, reflecting on advice from his 1995 professor to "be a job creator, not a job seeker." He stressed the need for a supportive startup ecosystem in Bihar. "Entrepreneurs are crucial for our economic growth, and the government must provide the necessary support," Mishra said.

The ceremony began with a traditional lamp lighting ceremony, followed by speeches from various dignitaries. Prof. (Dr.) Rana Singh , Director of CIMP said, "TiE Patna's establishment reflects the dedicated work of TiE Global members, Founder Charter Members, and various stakeholders," Singh said. "TiE's global network has supported over 25,000 entrepreneurs, and we look forward to extending this impact."

Vibhash Kumar, Convener of TiE Patna Chapter, outlined the organization's core pillars. "TiE operates on five key pillars: Mentoring, Education, Networking, Incubation, and Investing. These pillars will guide TiE Patna in nurturing and supporting local entrepreneurs," Kumar explained.

TiE Global Board Chair Shri Amit Gupta said, "TiE is coming to Bihar, a land of learning and mindfulness. Our mission is to enhance entrepreneurship through our core pillars and elevate Bihar's startup ecosystem."

Kumod Kumar, Founder President of TiE Patna, elaborated on the chapter's goals. "Today, as we launch TiE Patna, the 62nd chapter of TiE, we mark a new chapter in Bihar's entrepreneurial journey. TiE Patna will be a vital cornerstone in fostering innovation, encouraging collaboration, and offering critical support to our startup community. Our aim is to elevate Bihar's entrepreneurs to an international level, providing them with opportunities to make their mark globally. With TiE's presence in 12 countries, we are excited to participate in TiE conferences and masterclasses, which will enhance our ecosystem through global access to capital and markets," Kumar said.

Morning India ! Page.NO-03 ! Dated:06-08-2024

# द इंडस एंटरप्रेन्योर्स का पटना चैप्टर सीआइएमपी में शुरू

जागरण संवाददाता, पटना : चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट, पटना (सीआइएमपी) में सोमवार को उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (टीआइई) पटना चैप्टर का औपचारिक शुभारंभ किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए सभी बिंदुओं पर काम कर रही है। युवा इसका लाभ उठाएं।

अतिथियों का स्वागत सीआइएमपी के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि टीआइई का वैश्विक नेटवर्क 25,000 से अधिक उद्यमियों का है। पटना चैप्टर के संयोजक विभाष कुमार ने बताया कि टीआइई मेंटोरिंग, शिक्षा, नेटवर्किंग, इंक्यूबेशन और निवेश पर काम करता है। इसके ग्लोबल बोर्ड चेयर अमित गुप्ता ने कहा, हमारा मिशन मुख्य स्तंभों के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ाना और बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम को ऊंचा करना है।

Dainik Jagran ! Page.No-04
Dated:06-08-2024